दिनांक–08.10.2023 समय–7.10 AM

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार....**

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम नीति और कानून निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा, कहा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने।
- नवगठित मैहर जिले में मां शारदा लोक बनाया जाएगा।
- देहरादून में चौथे राष्ट्रीय सांस्कृतिक समारोह में प्रदेश के जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का पहला मैच, ऑस्ट्रेलिया से होगा मुकाबला।

**एशियाई खेल**

चीन के हांगचोओ में हो रहे एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदक प्राप्त करने के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत तथा 41 कांस्य सहित कुल 100 पदक जीतकर चौथे स्थानन पर है और यह अब तक का सर्वश्रेष्ठत प्रदर्शन है। भारत ने महिला कबड्डी और तीरंदाजी की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे को रोमांचक मुकाबले में 26–25 से हरा कर देश के लिए सौवां पदक हासिल किया। तीरंदाजी में पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में ओजस देवतले ने आज स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिषेक वर्मा को रजत पदक प्राप्त हुआ। दोनों तीरंदाजों के बीच हुए फाइनल मुकाबले के दौरान अंतिम स्कोर में केवल दो अंकों का अंतर रहा। इसके साथ ही इन एशियाई खेलों में भारत का तीरंदाजी अभियान समाप्त हो गया है। इससे पहले, शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं के व्यक्तिगत तीरंदाजी कंपाउंड मैचों में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने स्वर्ण और अदिति गोपीचंद स्वामी ने कांस्य पदक पर कब्जा किया।

**शारदा लोक**

नवगठित मैहर जिला में माँ शारदा का भव्य लोक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल मैहर में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जितने विकास के कार्य किए हैं, उतने पहले नहीं हुए। उन्होंने कहा कि हमने मैहर में नर्मदा नदी से पानी लाने और हर घर में टोंटी वाले नल से पानी देने का संकल्प लिया है। कोई खेत बिना सिंचाई के नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में छूट गई लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में पक्के मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी। हर गरीब को पट्टा देकर मालिक बनाएंगे।

**बैंकिंग सुविधा**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023, नीति और कानून निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएगा। उन्होंने उत्तराखंड के नरेंद्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24 वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस कानून से समावेशी शासन के नए युग का सूत्रपात हुआ है। श्री शाह ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ कई मायनों में अन्य राज्यों से अलग हैं। ये राज्य देश के जनजीवन और अर्थतंत्र में अहम योगदान देते हैं। बैठक में वर्चुअली शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संघीय ढांचे को सशक्त किया गया है। राज्यों को ताकतवर बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। इसलिए नीति आयोग, मुख्यमंत्री परिषद और मध्य क्षेत्रीय परिषद जैसे संस्थागत उपाय किए गए हैं।

**सांस्कृतिक समारोह**

प्रदेश के जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों ने देहरादून में चौथे राष्ट्रीय सांस्कृतिक समारोह में 23 प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश से सिर्फ एक प्रतियोगिता अधिक जीतने पर उत्तराखंड

ओवरऑल चैंपियन बना। मध्यप्रदेश के 80 विद्यार्थियों ने इस समारोह में 28 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें 23 में से 10 प्रतियोगिताओं में प्रथम, 07 में द्वितीय और 06 में तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार दिवसीय आयोजन में देश के 22 राज्यों के 2200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के दल ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी का भ्रमण भी किया। जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी है।

**कपास दिवस**

कपड़ा मंत्रालय ने कस्तूरी कॉटन कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिससे प्रीमियम प्रमाणित गुणवत्ता वाला कपास लगाया जाएगा। विश्व कपास दिवस 2023 के मौके पर कपड़ा मंत्रालय ने नीति, नवाचार और प्रौद्योगिकी उन्नयन के जरिए भारतीय कपास की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आयोजित सम्मेलन में यह जानकारी दी गई। सीसीआई ने ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का उपयोग करके कपास के गुणवत्ता की पहचान करने वाली प्रणाली लॉन्च की, जो यह सुनिश्चित करेगी कि कपास की गुणवत्ता, विविधता, उत्पत्ति और अन्य महत्वपूर्ण पैरामीटर भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों खरीदारों के लिए पारदर्शी हैं। प्रत्येक कपास की गांठ में एक क्यूआर कोड दिया गया है, जिससे उसके मूल स्रोत, प्रसंस्करण कारखाने, भंडारण विवरण और टाइम स्टैम्प सहित संबंधित कपास के गुणवत्ता की जानकारी को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है।

**गौ संरक्षण केंद्र**

किसानों की फसल सुरक्षा एवं गोवंश संरक्षण नीति अन्तर्गत प्रदेश के मंदसौर, जबलपुर, रायसेन, टीकमगढ़ और खरगौन 5 जिलों में काऊ रोड निर्माण शुरू हो गया है। इन सभी 5 जिलों में जंगल के समीप राजस्व भूमि चिन्हित कर उनमें गोवंश वन्य विहार के विकसित करने एवं निराश्रित गोवंश की आवासीय व्यवस्था के लिये "काऊ शेड" निर्माण का शुभारम्भ किया गया है। म.प्र. गौपालन एवं पशुधन संवर्द्धन बोर्ड की कार्यपरिषद् के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने बताया कि रीवा जिले के पुर्वा सेमरिया के बसावन मामा नामक स्थान पर 51 एकड़ भूमि पर बने गौवंश वन्य विहार में 6 हजार गौवंश को आश्रय दिया गया है।

**वायु सेना**

वायु सेना आज अपना 91वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश में प्रयागराज में बमरौली वायुसेना केंद्र में परेड का आयोजन किया जाएगा और आयुध डिपो के पास संगम इलाक़े में हवाई करतब दिखाए जाएंगे। कार्यक्रम में वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल वी.आर. चौधरी, थल सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित रहेंगे। वायुसेना आज अपना नया प्रतीक–चिह्न जारी करेगी। बमरौली में रस्मी परेड में स्काई पैरा जंपर्स अपने करतब दिखाएंगे। पहली बार, महिला अग्निवीरों के बटालियन को भी परेड में शामिल किया गया है। हवाई प्रदर्शन में लड़ाकू जेट रफाएल भी शामिल होगा। पहली बार, 5 हेलीकॉप्टरों की टीम सारंग भी इस प्रदर्शन में शामिल हो रही है। इसके अलावा, स्काई गंगा डिस्प्ले टीम भी एक्शन में होगी।

**क्रिकेट**

विश्व कप क्रिकेट में भारत आज आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। चैन्नई मे यह मैच होग। कल खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 102 रन से श्रीलंका को हरा दिया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में...**

- धार जिले में अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार उत्तराखण्ड के तत्वाधान शनिवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। शासकीय और निजी विद्यालय एवं महाविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- खरगोन जिले के बडवाह थाना क्षेत्र में काटकूट मार्ग पर बरझर के पास शनिवार की रात बिना रेलिंग की पुलिया से करीब 30 फीट नीचे महिंद्र एक्सयूीव कार के गिरने से दो लोगो की मौत हो गई। 6 लो गंभीर घायन हो गए।
- मंदसौर में नरसिंह घाट रेसलिंग सेंटर द्वारा आज मंदसौर के संजय गांधी उदयान में एक दिवसीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल में मप्र एंव राजस्थान के 54 पहलवानों के बीच 27 कुश्तियां होगी।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम नीति और कानून निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा, कहा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने।
- नवगठित मैहर जिले में मां शारदा लोक बनाया जाएगा।
- देहरादून में चौथे राष्ट्रीय सांस्कृतिक समारोह में प्रदेश के जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**और**

- विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का पहला मैच, ऑस्ट्रेलिया से होगा मुकाबला।

.............